भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2532**

दिनांक 19.12.2023 को उत्तरार्थ

**आबंटित निधि के लिए संपरीक्षा तंत्र**

**†2532. श्री राम मोहन नायडू किंजरापुः**

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास 15वें वित्त आयोग द्वारा ग्रामीण स्थानीय निकायों, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश राज्य को आबंटित निधि के वित्तीय कुप्रबंधन को रोकने के लिए कोई संपरीक्षा तंत्र मौजूद है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने ऐसे आरोपों का निर्धारण करने के लिए कोई संपरीक्षा की है;

(ग) यदि हां, तो की गई संपरीक्षा का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान 15वें वित्त आयोग द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य सरकार को आबंटित की गई निधि के उपयोग का वर्गीकृत विभाग-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए आन्ध्र प्रदेश में ग्रामीण स्थानीय निकायों को वर्गीकृत विभाग-वार आबंटित राशि में से जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या आंध्र प्रदेश सरकार ने निधि के उपयोग के संबंध में कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है और यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पंचायती राज राज्य मंत्री**

**(श्री कपिल मोरेश्वर पाटील)**

(क) जी, हाँ महोदय। पन्द्रहवाँ वित्त आयोग अनुदान लेखापरीक्षा, आंध्र प्रदेश राज्य में राज्य लेखापरीक्षा विभाग द्वारा की जाती है।

(ख) से (घ) आन्ध्रप्रदेश से मिली सूचना के अनुसार राज्य लेखा परीक्षा विभाग ने ऐसे आरोपों को निर्धारित करने के लिए ग्रामीण स्थानीय निकायों का लेखापरीक्षा (ऑडिट) किया है।

आंध्र प्रदेश राज्य में दिनाँक 30.11.2023 तक, पन्द्रहवाँ वित्त आयोग अनुदान का वर्ष 2021-22 तक का पूर्ण ऑडिट कर लिया गया है तथा वर्ष 2022-23 के लिए 13325 ग्राम पंचायतों में से 10347 ग्राम पंचायतों का ऑडिट पूरा कर लिया गया है।

आंध्र प्रदेश राज्य के लिए 2020-21 से आज तक, पन्द्रहवें वित्त आयोग अनुदान का आवंटन, जारी और व्यय का विवरण इस प्रकार है:-

(रुपये करोड़ में)

| क्रम सं. | ग्रामीण स्थानीय निकाय | आवंटित निधि | | | | जारी निधि | | | | खर्च (दिनांक 30.11.2023 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | Total | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | Total | |
| 1 | जिला पंचायत परिषद | 393.76 | 290.85 | 301.50 | 986.11 | 393.76 | 290.85 | 150.75 | 835.36 | 468.66 |
| 2 | ब्लॉक पंचायत परिषद | 393.74 | 290.85 | 301.50 | 986.09 | 393.74 | 288.48 | 148.30 | 830.52 | 479.68 |
| 3 | ग्राम पंचायत | 1837.50 | 1357.30 | 1407.00 | 4601.80 | 1837.50 | 1338.52 | 689.30 | 3865.32 | 3536.56 |
| कुल | | 2625.00 | 1939.00 | 2010.00 | 6574.00 | 2625.00 | 1917.85 | 988.35 | 5531.20 | 4484.90 |

(ङ) वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अनुदान की अनुशंसा करने में हमें सक्षम बनाने के लिए अपेक्षित अनुदान हस्तांतरण प्रमाणपत्र (जीटीसी) अभी तक आन्ध्र प्रदेश राज्य से इस मंत्रालय को प्राप्त नहीं हुआ है।

(च) जी, नहीं महोदय।

***